# मोहयाल मित्र

**सर्वे भवंतु सुखिनः। सर्वे संतु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभागभवेत्ः।।**

# दीपावली

दीपावली कार्तिक मास की अमावस्या को मनाई जाती है। इसी दिन सूर्य व चन्द्र का तुला राशि में मिलन होता है। वृष, सिंह, वृश्चिक व कुम्भ स्थिर लग्न होते हैं जो कि दीपावली पूजन के लिए शुभ होते हैं। दीपावली के आस पास कुछ और त्यौहार भी मनाए जाते हैं जिनका अपना महत्व होता है:

**धनतेरस (धन त्रयोदशी)** आयुर्वे के जनक श्री धनवनतरि है यह उन्हीं की जयन्ती के रूप में मनाया जाता है। अकाल मृत्यु से रक्षा हेतु इनसे आशीर्वाद माँगा जाता है। इस दिन श्री धनवन्तरि व यमराज के निमित्त घर के मुख्य द्वार पर दीप जलाकर आरोग्य व दीर्घ आयु की कामना करते हैं।

**छोटी दीवाली (नरक चतुर्दशी)** नरक यातना से बचने के लिए सूर्योदय से पूर्व स्नान करके नरक से बचने की कामना करें। एवं सायंकाल चार मुख वाला दीपक जलाएँ।

**दीपावली** इस दिन श्री गणेश, श्री लक्ष्मी, श्री कुबेर व माँ सरस्वती का पूजन किया जाता है।

**गोवर्धन पूजा** कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा व अन्नकूट का पर्व मनाया जाता है। इस दिन पशुधन व गोवर्धन पूजा का विधान है। जीवन में स्थायित्व व सुख समृद्धि ही इस पूजा का उद्देश्य है। विश्वकर्मा जी के प्रति दीप दान करें। घर में टूट फूट से छुटकारा प्राप्त होगा। चित्रगुप्त जी की पूजा भी इसी दिन करते हैं।

**भाई दूज** दीपावली के बाद अन्तिम त्यौहार भाई दूज के रूप में मनाया जाता है। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष द्वितीया को भाई दूज या यम द्वितीया मनाया जाता है।

**दीपावली पूजन विधि** जिस स्थान पर दीपावली पूजन करना हो इस स्थान पर अच्छी तरह सफ़ाई करके पीली सरसों को कुछ दानें छिड़क देने चाहिएँ, जिससे नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाती है। शुभ मुहुर्त देखकर पूर्व दिशा की ओर मुँह करके बैठें व सभी देवी देवताओं, कलश व यन्त्रों की स्थापना करें। फिर पूजा का संकल्प लें कहें– मैं (अपना नाम लें) गोत्र बोलें (जो भी आपका गोत्र हो) अपने राज्य का नाम लें, जहाँ आप रहते हैं, उस स्थान का नाम लें, अपने कुल का नाम लें, कार्तिक मास की अमावस्या तिथि व उस दिन के वार का नाम हूँ/लेती हूँ।

**कलश पूजन** कलश में जलभर उस पर मोली लिपटा नारियल रखें व पूजा स्थान पर थोड़े चावल बिछाकर उस पर स्थापित कर दें। सभी देवी–देवताओं का निवास इसी कलश में होता है। फिर निम्न मंत्र बोलते हुए कलश पर अक्षत पर पुष्प चढ़ाएँ। ऊँ भूर्भूवः स्वः कलशस्थ देवताभ्यो नमः। गन्धं, अक्षतं, यत्रं पुष्पं समर्पयामि। वही पर एक दीपक भी प्रज्जवलित करें।

**फिर गणेश जी का आवाहन करें**

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्य कोटि समप्रभ।
निर्विधनं कुरूमेदेव सर्व कार्येषु सर्वदा।।

**माता गौरी का आवाहन करते हैं**

सर्व मंगलमागल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणि नमोस्तुते।।

**श्री लक्ष्मी जी की पूजा**

ऊँ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं श्री महालक्ष्म्यै नमः।

**सरस्वती पूजा**

यः देवी सर्व भूतेषू विद्या रुपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

**श्री कुबेर पूजा**

ऊँ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धनाधिपतये धन धान्य समृद्धिं में देहि दापय स्वाहा।

**नवग्रह पूजा**

ऊँ ह्रां ह्रीं हौं सह सूर्याय नमः। ऊँ श्रां श्रीं श्रौं सह चन्द्रमसे नमः। ऊँ क्रां क्रीं क्रौं सह भौमाय नमः। ऊँ ब्रां ब्रीं ब्रौं सह बुधाय नमः।
ऊँ ग्रां ग्रीं ग्रौं सह गुरुवे नमः। ऊँ द्रां द्रीं द्रौं सह शुक्राये नमः।
ऊँ प्रां प्रीं प्रौं सह शनये नमः। ऊँ भ्रां भ्रीं भ्रौं सह सहवे नमः।
ऊँ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सह केतवे नमः।



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

सभी मन्त्रों को पढ़ते हुए प्रत्येक बार–'गन्धं, अक्षतं, यत्रं पुष्पं समर्पयामि' बोलते हुए अक्षत पुष्प इत्यादि चढ़ाते रहेंगे। इसके पश्चात श्री सूक्त, श्री लक्ष्मी स्तोत्र, श्री लक्ष्मी सूक्त, कनकधारा स्तोत्र का पाठ लाभदायक होता है। फिर लक्ष्मी जी व विष्णु जी की आरती करें व फिर बोलें लक्ष्मी जी, सरस्वती जी, व गणेश जी हमारे घर में ही रहें व अन्य देवी देवता अपने निवास की ओर प्रस्थान करें।


### दीपावली पूजा समय (दिनांक 7.11.2018 )

1. **वृश्यिक लग्न– सुबहः 7:24 से 9:43 तक (अति शुभ सुबह 7:56 से 9:19 तक)**
2. **कुम्भ लग्न– दोपहरः 1:29 से 2:57 तक**
3. **वृष लग्न– सायंः 5:57 से 7:52 तक (अति शुभ सायं 7:12 से 7:52 तक)**
4. **सिंह लग्न– रात्रिः 12:31 से 2:48 तक**

***विरेन्द्र कुमार छिब्बर,*** *ज्योतिष आचार्य*
*EA-94, इन्द्रपुरी, नई दिल्ली 110012 मो. 9818094655*

## जन्मदिन की बधाई

घर की नींव या मज़बूती घर की दीवारों, खिड़की दरवाज़ों से नहीं बल्कि उस घर के बुजर्गों या बड़ों से होती है। जो अपने बच्चों को सही मार्गदर्शन देकर उन्हें उन्नति की ओर अग्रसर करते रहते हैं। ईश्वर स्वयं कहता है कि अपने बड़ों का मान सम्मान करना उसके मान सम्मान करने के बराबर जिस घर अपने बड़ों को सम्मान इज्ज़त और प्यार मितला है वहाँ सदैव मेरा (ईश्वरीय) वास होता है। अपने बड़ों की दी गई छोटी–छोटी खुशियाँ उनके चेहरे पर खुशी ले आती है। यही खुशी विपिन छिब्बर ने अपने पिता **श्री ओम प्रकाश छिब्बर** के 86वें जन्मदिन को मना कर दी। इस उपलक्ष पर पुत्र विपिन छिब्बर पत्नी नीलिमा छिब्बर, पोता–देवांश, पड़पोतरा निहान दत्त। पुत्रियां व जमाई–सुजाता बाली–रविकांत बाली, सुधा सेठी–संजीव सेठी ने अपनी मौजूदगी से चार चाँ लगा दिए। और सभी ने हर्षोल्लास के साथ उनका जन्मदिन मनाया और ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी आयु की प्रार्थना की।



***विपिन छिब्बर,*** *19/232 बस्ती सराय रौहल्ला ओल्ड रोहतक रोड, दिल्ली 110035 मो. 9953626260*

## हार्दिक शुभकामनाएँ

जनरल मोहयाल सभा की मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों और पदाधिकारियों की ओर से सब मोहयाल भाई–बहनों और परिवारजन को दीवाली की मंगलकामनाएँ। मंगलकर्ता गणेश और माँ लक्ष्मी का आशीर्वाद आप सबको सुख, समृद्धि और आनंदमय रखे।

भैया–दूज का त्योहार सभी मोहयाल भाई–बहनों में अटूट प्रेम बनाए रखे। जनरल मोहयाल सभा की ओर से सभी भाई–बहनों को शुभकामनाएँ।

## नवंबर में व्रत और त्योहार

3 नवंबर– रमा एकादशी (शनिवार)
4 नवंबर– गोवत्स द्वादशी (रविवार)
5 नवंबर– धनतेरस (सोमवार)
6 नवंबर– नरक चतुर्दशी (मंगलवार)
7 नवंबर– दीवाली (बुधवार)
8 नवंबर– गोवर्धन पूजा, अन्नकूट (बृहस्पतिबार)
9 नवंबर– भैया दूज (शुक्रवार)
13 नवंबर– छठ पूजा (मंगलवार)
19 नवंबर– देव–उत्थान एकादशी (सोमवार)
20 नवंबर– तुलसी विवाह (मंगलवार)
22 नवंबर– देव दीवाली, पूर्णिमा (बृहस्पतिवार)
23 नवंबर– कार्तिक पूर्णिमा (शुक्रवार)
24 नवंबर– मार्गशीष माह शुरू (शनिवार)

## दादागिरी

जब मैं छोटा बच्चा था तो अपने आपको अपने घर का दादा समझता था। कुछ बड़ा हुआ तो मौहल्ले के मित्रों के बीच अपने आपको दादा समझने लगा। इस प्रकार जैसे–जैसे उम्र बढ़ती गई जिस माहौल में रहा उस माहौल में अपने आपको दादा समझने लगा।

परन्तु वह मेरी अपनी सोच और समझ थी। ईश्वर ने मेरी यह इच्छा भी पूरी कर दी। ईश्वर की कृपा से दिनाँक 9.07.2018 को पुत्र राकेश और पुत्रवधू ने मुझे और मेरी धर्मपत्नी श्रीमती सरीता रानी को दादा और दादी की उपाधि से सम्मानित किया।

इतना लम्बा सफर तय कर अब मैं सही मायने में दादा बन गया हूँ। नवजात शिशु चि. अधीराज छिब्बर उर्फ (डुग्गू) को उसके लक्कड़ दादा स्व. मेहता ईश्वर दास छिब्बर एवं लक्कड़ दादी स्व. श्रीमती दीवानदई, पड़दादा स्व. श्री कृष्ण लाल छिब्बर एवं पड़दादी स्व. श्रीमती प्रेमलता छिब्बर स्वर्ग से आशीर्वाद की वर्षा कर रहे हैं।

नवजात शिशु को आप सभी की शुभकामनाएँ और आशीर्वाद की हम अपेक्षा करते हैं।

***प्रदीप कुमार छिब्बर,*** *जगाधरी (हरियाणा), मो. 7206402640*


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# स्थानीय मोहयाल सभाओं की गतिविधियाँ

## फरीदाबाद

मोहयाल सभा फरीदाबाद की मासिक बैठक 7 अक्तूबर 2018 को मोहयाल भवन में श्री रमेश दत्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें लगभग 50 मोहयाल भाई बहनों ने भाग लिया। मोहयाल प्रार्थना के उपरान्त जनरल सेक्रेटरी रायज़ादा के.एस. बाली ने पिछले माह की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई। श्री रमेश दत्ता ने सभी उपास्थितजनों को बताया कि इस बार जीएमएस ने 'प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन फरीदाबाद में करने का निर्णय लिया है, जो कि 21 अक्तूबर 2018 को म्यूनिसिपल ऑडीटोरियम एनआईटी फरीदाबाद में होगा। सभी ने तालियाँ बजाकर इसका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बेहत गर्व की बात है कि जीएमएस ने हमें यह जिम्मेदारी दी है। उन्होंने फरीदाबाद के सभी मोहयालइ भाई बहनों से आगे आकर अपना सहयोग देने का आग्रह किया, जिससे प्रत्येक बार की तरह इस बार भी यह कार्यक्रम सफल हो सके।

सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपने–अपने विचार व सुझाव रखे। इस अवसर पर जीएमएस से (मैट्रीमोनियल सचिव) श्रीमती नीलिमा दत्ता मेहता भी उपस्थित थी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार जीएमएस द्वारा रिश्तेनातों के कार्यक्रम आयोजित करवाए जाते हैं, उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में इसी प्रकार के रिश्तेनातों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें लगभग 50 मोहयाल भाई बहनें शामिल हुए।

श्रीमती नीलिमा दत्ता मेहता ने यह भी बताया कि इस 21 अक्तूबर को मोहयाल दिवस व प्रतिभाशाली बच्चों के सम्मान कार्यक्रम के साथ–साथ मैट्रीमोनियल काउंटर भी लगाया जाएगा। जो भी मोहयाल भाई बहन फॉर्म भरकर देना चाहते हैं तो वह दे सकते हैं। इसी के साथ उन्होंने फरीदाबाद मोहयाल सभा को मुबारकबाद व शुभकामनाएँ भी दीं।

इस अवसर पर श्री आर.पी. बाली भी उपस्थित थे जो काफी समय बाद आए थे। उन्होंने अपने सुन्दर विचार सभी के समक्ष प्रस्तुत किए, जोकि काफी सराहनीय थे।

श्री मिथिलेश दत्ता ने निम्न राशि एकत्र की– श्री जगमोहन छिब्बर ने 1100 रुपए व गुप्तदान 2100 रु.। अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

अगली मासिक बैठक 4 नवंबर को मोहयाल भवन में होगी।

***रमेश दत्ता,*** *प्रधान* — *9212557095*
***रायज़ादा के.एस. बाली,*** *महासचिव* — *9899068573*

## नज़फगढ़–नई दिल्ली

मोहयाल सभा नज़फगढ़ की मासिक बैठक 7.10.2018 को प्रधा श्री शेर जंग बाली की अध्यक्षता में श्री हर्ष दत्ता, सचिव के निवास स्थान (दत्ता प्लाजा, 22 ओल्ड रोशनपुरा, नज़फगढ़ नई दिल्ली) में मोहयाल प्रार्थना व गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ आरम्भ हुई। जिसमें 20 भाई–बहनों ने भाग लिया। सभा के सचिव श्री हर्ष दत्ता ने पिछले माह की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। वित्त सचिव श्री बलदेव राज दत्ता ने लेखा–जोखा पेश किया। जिसका सब सदस्यों ने अनुमोदन किया।

प्रधान जी ने सूचित किया कि मोहयाल दिवस और प्रतिभाशाली मोहयाल विद्यार्थी सम्मान फरीदाबाद में 21 अक्तूबर 2018 को प्रातः 10 बजे होगा। मोहयाल सभा नज़फगझ की अगली बैठक 4 नवंबर 2018 को श्रीमती सिम्मी छिब्बर उपप्रधान पत्नी श्री अनिल कुमार छिब्बर के निवास स्थान (सिम्मी हाईट आर ज़ेड–15, सूदन गार्डन, नियर गुरूद्वारा नजफगढ़ नई दिल्ली) में प्रातः 10 बजे होगी। सभी ने बढ़िया जलपान के लिए श्री हर्ष दत्ता, सचिव को धन्यवाद किया। सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध है।

***शेर जंग बाली,*** *प्रधान* — *9871756765*
***हर्ष दत्ता,*** *सचिव* — *9312174583*

## पानीपत



सभा की मासिक बैठक 7 अक्तूबर 2018 को प्रधान श्री ऋत मोहन की अध्यक्षता में श्री नरेन्द्र छिब्बर के थर्मल कालोनी स्थित निवास स्थान पर सम्पन्न हुई। मोहयाल प्रार्थना तथा गायत्री महामंत्र के उच्चारण के पश्चात श्री राजकुमार दत्ता के जीजा जी के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। आज श्री ऋत मोहन का जन्मदिन था। इस मौके पर केक



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

काटा गया तथा श्री मोहन जी को बधाई दी गई, साथ ही उनके आने वाली जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। श्री ऋत मोहन ने सब सदस्यों का शुक्रिया किया।

सदस्यों को बताया गया कि 23 सितंबर 2018 को श्री बी.डी. बालीजी की अध्यक्षता में मोहयाल युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस में देश भर से आए मोहयाल युवाओं ने अपने विचार रखे, इस सम्मेलन की विशेषता यह रही की, कि युवा पीढ़ी के विचार बड़े ही सकारात्मक थे। श्री बी.डी. बाली ने कहा कि मुझे अपने बच्चों के विचार सुनकर बहुत प्रसन्नता हुई। मैं आशावान हूँ कि हमारा भविष्य उज्ज्वल है।

मीटिंग में बताया गया कि आने वाली 21 अक्तूबर 2018 को फरीदाबाद में मोहयाल दिवस और प्रतिभाशाली मोहयाल विद्यार्थी सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। इसमें इच्छुक व्यक्ति शामिल हो सकते हैं। श्री लवनीश मोहन का डेंगू ज्वर की वजह से स्थानीय प्रेम हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है, उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई।

अंत में शांतिपाठ के साथ सभा संपन्न हुई। जलपान की व्यवस्था व मीटिंग के आयोजन के लिए सुमिल छिब्बर, अंजू छिब्बर व नरिंदर छिब्बर का धन्यवाद किया गया।

***नरिंदर छिब्बर,*** *सचिव*
*9416412184, 8222023131*

## बराड़ा

मोहयाल सभा बराड़ा की मासिक बैठक दिनांक 7.10.2018 को सभा के प्रधान हरदीप सिंह वैद की अध्यक्षता में गायत्री मंत्रोच्चारण मोहयाली प्रार्थना के बाद सभा के वित्त सचिव श्री बलदेव सिंह दत्त के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई। सभा के वित्त सचिव श्री बलदेव सिंह दत्त ने पिछले महीने की कार्यवाही पढ़कर सुनाई जिस पर सभी ने अपनी सहमति प्रकट की।

**शोक समाचारः** श्रीमती स्नेहलता बाली धर्मपत्नी स्व. श्री सिकन्दर बाली गाँव रुकड़ी निवासी जिला अम्बाला (हरियाणा) का अचानक देहान्त हो गया। सभा में आए हुए सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन व्रत रखा व भगवान से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे व पीछे परिवार को इस दुख के सहने की शक्ति प्रदान करे। श्रीमती स्नेहलता बाली की रस्म–पगड़ी 9.10.2018 मंगलवार को हर–मिलाप मन्दिर दोसड़का में हुई, जिसमें मोहयाल बिरादरी के काफी गणमान्य भाई व बहिन उपस्थित हुए व उन्हें श्रद्धांजलि दी।

अन्त में सभा में आए हुए सभी सदस्यों ने जलपान के लिए श्री बलदेव सिंह दत्त व परिवार का धन्यवाद किया।

***रविन्द्र कुमार छिब्बर,*** *सेक्रेटरी*
*9466213488*

## जगाधरी वर्कशॉप

मोहयाल सभा जगाधरी वर्कशॉप की मासिक बैठक सात अक्तूबर को प्रधान सतपाल दत्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आए हुए सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रधान सतपाल दत्ता ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि मीटिंग में जो भी सदस्य हैं वह विवाह योग्य अपने बच्चों के बायोडाटा साथ लेकर आएँ ताकि सभा की बैठक में उन पर चर्चा की जा सके। इस अवसर पर श्रीमती ललिता वैद ने कहा कि बैठक में सभी सदस्यों को अपने अपने बच्चों व परिवार के अन्य सदस्यों को भी लाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को अपनी बिरादरी के बारे में पता चल सके। प्रधान सतपाल दत्ता ने श्रीमती ललिता वैद का जलपान के लिए धन्यवाद।

**शुभ समाचारः** श्री आदर्श मोहन निवासी 52/2एच आदर्श नगर यमुनानगर ने 2 अक्तूबर को जन्म दिवस पर लोकल सभा को 500 रुपए दान स्वरूप दिए जिस पर सदस्यों ने उन्हें मुबारकबाद दी।

***सुरेन्द्र मेहता छिब्बर,*** *महासचिव*
*9355310880*

## यमुनापार–दिल्ली

मोहयाल सभा यमुनापार की मासिक बैठक 7 अक्तूबर को मोहयाल भवन (झील कुरेंजा) में उप्रधान श्री श्याम सुंदर मोहन की अध्यक्षता में मोहयाल प्रार्थना के साथ प्रारम्भ हुई। सचिव ने पिछले माह के रिपोर्ट और लेखा–जोखा पढ़कर सुनाया, जिसका सभी अनुमोदन किया। सचिव ने बताया कि वह सुबह ही प्रधान श्री सतीश बाली के निवास पर उनका कुशलक्षेम पूछ कर आए हैं, उनका स्वास्थ्य अब बेहतर है। सचिव ने सभा को सूचित किया कि पिछले माह 23 सितंबर को मोहयाल फाउंडेशन में जीएमएस द्वारा युवाओं को आमंत्रित किया गया था। यमुनापार की तरफ से मुकेश मोहन, धनेश दत्ता, शिवम वैद और स्वयं सेक्रेटरी ने जिसमें हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी सभाओं के 2 से 3 युवाओं को आमंत्रित किया गया था। स्वयं जीएमएस प्रधान मोहयाल रत्न रायज़ादा बी.डी. बाली, सेक्रेटरी जनरल एल.आर. वैद और युवा–सांस्कृतिक अध्यक्ष श्री योगेश मेहता ने कार्यक्रम को संचालित किया और युवाओं के विचार सुने। धनेश दत्ता और मुकेश मोहन ने मीटिंग में सभी सदस्यों को बताया कि यह एक बेहतर अवसर था जिसमें स्वयं उन्हें अपने विचारों को बताने का तथा दूसरों के विचारों को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ।

बैठक अध्यक्ष श्याम सुंदर मोहन ने जीएमएस की "Adopt a child-Scheme" के बारे में तथा जीएमएस की अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

जिन्हें भी जीएमएस की सुविधाओं को लेना है उन्हें पर्याप्त कागजी–कार्यवाही करनी होगी। वयोवृद्ध श्री राजिंदर बक्शी छिब्बर काफी समय पश्चात बैठक में उपस्थित हुए। श्री आर. के. मोहन ने सुझाव दिया कि भवन का विस्तार शुरू होना चाहिए जिसके लिए जल्द ही वह एक वास्तुकार को भवन में बुलाया जाएगा। सचिव श्री सी.पी. दत्ता ने अपने हाथ से बनाई पेंटिग सभा सदस्यों के समक्ष रखी जिसकी सभी ने भूरी–भूरी प्रशंसा की।

उपप्रधान विनोद बाली ने दीपावली के बाद कहीं पिकनिक पर जाने का सुझाव दिया जिसपर सभी ने सहमति जताई। कई स्थानों और तारीखों के सुझाव सदस्यों ने रखे जिनपर जल्द ही फैसला लेकर ही कार्यक्रम को निर्णायक रूप दिया जाएगा।

श्री दलीप सिंह दत्ता, मेहता इंद्र मोहन, श्री आर.के. मोहन, श्री विनोद बाली, श्री वी.एस. लौ, श्री सतीश बाली इस माह मुख्य दानकर्ता रहे।

अंत में चायपान के उपरान्त श्री श्याम सुंदर मोहन ने सभी का धन्यवाद दिया।

***श्याम सुंदर मोहन,*** *उपप्रधान*
*9868805805*

***संजीव बाली,*** *सचिव*
*7678262318*

## कुरूक्षेत्र



मोहयाल सभा कुरूक्षेत्र की मासिक बैठक 7.10.2018 को श्री रवीन्द्र नाथ छिब्बर के निवास स्थान पर सायं पाँच बजे प्रधान श्री संतोष वैद की अध्यक्षता में हुई। मोहयाल प्रार्थना के साथ सभा का आरंभ हुआ। पिछली मीटिंग की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई तथा सभी ने उसका अनुमोदन किया।

**शुभ समाचारः** श्री हकीकत राय वैद व श्रीमती सरोज दत्ता दोनों के घर पौत्र के जन्म पर बधाई दी गई। श्री हकीकत राय वैद ने इस खुशी के मौके पर लोकल सभा को 1100 रु. भेंट किए।

प्रधान जी ने सभी सदस्यों को 21 अक्तूबर 2018 को फरीदाबाद में होने वाले मोहयाल दिवस व प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मेलन के बारे में अवगत कराया। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने बारे में अपने अपने विचार रखे।

अगली मासिक बैठक श्री स्नेह छिब्बर के निवास स्थान पर होनी निश्चित की गई। मोहिन्दर बक्शी ने श्रीमती व श्री रविन्द्र नाथ छिब्बर का जलपान के लिए धन्यवाद किया। गायत्री मंत्र के साथ सभा का समापन हुआ।

***सन्तोष वैद,*** *प्रधान*
*8168691327*

## प्रेमनगर–देहरादून

मोहयाल सभा प्रेमनगर की मासिक बैठक 16.9.2018 को प्रधान श्री डी.एन. दत्ता की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान किशननगर, देहरादून में सम्पन्न हुई। इस बैठक 14 सदस्यों ने भाग लिया। मोहयाल प्रार्थना के पश्चात सभा की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। सभा के सचिव राजेश बाली ने पिछले माह की कार्यवाही पढ़कर सुनाई।

**शोक समाचारः** श्री घनश्याम दत्ता पिता श्री रमेश दत्ता एवं श्री ओ.पी. वैद पिता श्री नरेन्द्र बक्शी जिनका गत माह स्वर्गवास हो गया था। दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि व्यक्त की।

आज की बैठक में मोहयाल सभा देहरादून के अध्यक्ष श्री राजेश मोहन, सचिव श्री जे.के. दत्ता श्री प्रमोद मेहता, श्री प्रमोद दत्ता एवं श्री तरुण मोहन ने विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में भाग लिया। श्री राजेश बाली सचिव सभा में सूचित किया कि मोहयाल जनगणना फार्म जीएमएस को भेज दिए गए हैं।

श्री राजेश मोहन प्रधान मोहयाल सभा देहरादून ने बताया कि उन्हें जीएमएस के सदस्य श्री अश्विनी बक्शी ने सूचित किया है प्रेमनगर एवं देहरादून से मोहयाल युवा सदस्यों को जीएमएस रायज़ादा बी.डी. बाली अध्यक्ष जीएमएस से वार्तालाप के लिए बुलाया गया है। इस पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री रमेश दत्ता ने सभा में अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें दून अस्पताल के गरीब मरीज़ों को रात के समय भोजन कराया जाए। जिस पर सभा ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया। सभा द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर शोभायात्रा के अवसर पर खीर का प्रसाद वितरण किया गया। खीर प्रसाद वितरण में श्री रमेश दत्ता, श्री उदय दत्ता, श्री हर्षवीर मेहता, श्री राजेश बाली, श्रीमती रश्मि मेहता, श्री अंकित मेहता एवं श्री ध्रुव दत्ता का विशेष सहयोग रहा।

श्रीमती रजनी बाली ने अपनी पुत्रवधू श्रीमती शालिनी बाली के जन्म–दिवस पर सभा को 200 रुपए दान स्वरूप भेंट किए।



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

श्री रमेश दत्ता ने अपने स्व. पिताजी घनश्याम दत्ता के उठाले के अवसर पर सभा को गुप्त दान दिया। श्री राजेश मोहन, श्री प्रमोद मेहता एवं श्री प्रमोद दत्ता ने सभा को प्रत्येक 200 रु. दान स्वरूप भेंट किए।

अंत में शांति पाठ के साथ सभा सम्पन्न हुई। दोपहर के भोज एवं जलपान की व्यवस्था के लिए दत्ता परिवार का धन्यवाद दिया।

***डी.एन. दत्ता,*** *प्रधान* ***राजेश बाली,*** *सचिव*
*8279878962* *9758135583*

## महिला विंग देहरादून

महिला मोहयाल सभा बैठक प्रधान श्रीमती सविता मेहता की अध्यक्षता में दिनांक 6.10.2018 को श्रीमती अर्चना दत्ता के निवास स्थान पर हुई, जिसमें बैठक की शुरुआत मोहयाल प्रार्थना और गायत्री मंत्र के साथ शुरू हुई।

सभा में निर्णय किया गया कि रामनवमी के उपलक्ष में "के. आर. बाली मोहयाल स्कूल" करणपुर देहरादून में सुंदरकाण्ड के पाठ का तथा भंडारे का आयोजन किया जाए तथा स्कूल के बच्चे और टीचर्स और समस्त मोहयाल भाई बहनों को आमंत्रित किया जाए। समस्त महिलाओं की सहमति हुई। यथासम्भव दान दिया और पूरा-पूरा सहयोग देने की बात की और अंत में सभी ने स्वादिष्ट जलपान किया और अर्चना दत्ता को धन्यवाद किया।

***अर्चना दत्ता,*** *सचिव*
*8755398813, 7533880110*

## स्त्री विंग यमुनानगर

स्त्री सभा यमुनानगर की मासिक मीटिंग श्रीमती सुनीता दत्ता के निवास स्थान पर दिनांक 5.10.2018 को हुई, मीटिंग की अध्यक्षता श्रीमती कमला दत्ता ने की। मीटिंग में सभी बहनों ने भाग लिया, गायत्री मंत्र के साथ कार्यवाही शुरू हुई।

मीटिंग में सितंबर मास की कार्यवाही पढ़ कर सुनाई गई। श्रीमती सुरक्षा मेहता, श्रीमती कमला दत्ता, श्रीमती वीना वैद, श्रीमती बाला मेहता, श्रीमती प्रेमदत्त और श्रीमती सुनीता दत्ता ने अपने-अपने विचार रखे।

स्त्री मोहयाल सभा यमुनानगर की तरफ से रायज़ादा बी.डी. बाली और जीएमएस के सभी सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। भगवान करे कि वो ऐसे ही मोहयाल बिरादरी के लिए कार्य करते रहें। सभी मोहयाल भाईयों, बहनों और बच्चों को स्त्री सभा की ओर से दीवाली की शुभकामनाएँ।

शांति पाठ के साथ सभा समाप्त हुई।

***श्रीमती परवीन बाली,*** *सचिव*

## सिरसा

आज दिनांक 14.08.2018 को मोहयाल सभा की मासिक बैठक श्री मदनलाल दत्ता प्रधान की अध्यक्षता में रमेश चन्द्र दत्ता सदस्य मोहयाल सिरसा के घर पर हुई। सभा की शुरुआत मोहयाल प्रार्थना से हुई, 14 भाई बहनों ने भाग लिया। प्रधान जी ने मोहयाल सेन्सस के फार्म भरे इसलिए आज सभा तीन घंटे तक चली। सभा में सभी से मोहयाल मित्र लगवाने का आग्रह किया गया।

बोर्ड परीक्षा तथा विश्व विद्यालय परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। सभा में सभी भाई बहनों ने अपने विचार रखे तथा विभिन्न मुद्दों पर बातें की।

सभा में श्रीमती पुष्पा देवी दत्ता पंडोरी जिला गुरदासपुर पंजाब की निधन पर दो मिनट का मौन रखा, वो प्रधान जी की पत्नी श्रीमती ओम दत्ता की बुआ थी। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें। श्री रमेश चन्द्र दत्ता को चायपान के लिए धन्यवाद किया और सभा को स्थगित किया।

***मदनलाल दत्ता,*** *प्रधान*
*8570994004*

## स्व. पंडित उत्तमचन्द लव को श्रद्धांजलि

हमारे पिताश्री उत्तमचन्द लव सचमुच में ही एक धर्म प्रेमी तथा सज्जनवृति के व्यक्ति थे उन्होंने सभी प्रकार के जीवों कल्चर



नभचर एवं जलचर से प्रेम किया। प्रेम करना ही उनके जीवन का मुख्य मन्त्र था। हापुड़ (उ.प्र.) की नगर पालिका में नगर सेठ श्री ताराचन्द मोदी की कृपा से पाकिस्तान विस्थापित होकर अकेले ही विस्तापित अध्यापक रहे।

उनका अन्तिम संस्कार बृजघाट पर गंगा किनारे पर 11.11.1971 को किया गया। परमात्मा उनकी आत्मा को शांति / मोक्ष प्रदान करें। उनकी याद में पुत्र नरेन्द्र लव ने 500 रुपए शिक्षा फंड में दान दिए।

***नरेन्द्र लव, राजेन्द्र लव एवं सुरेन्द्र लव*** *(पुत्र), शाहदरा दिल्ली*
*मो. 9911564481*


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# जीएमएस मुख्यालय में युवा मोहयाल सम्मेलन

रायज़ादा बी.डी. बाली जी के आवाहन पर 23 सितंबर 2018 को जी.एम.एस. मुख्यालय में युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ। पहली बार हुए इस तरह के कार्यक्रम में देश भर से आए युवा मोहयालों ने बड़े ही सुन्दर ढंग से अपने–अपने विचारों को प्रकट किया। सर्वप्रथम बी.डी. बाली जी के आने पर सभी खड़े होकर उनका अभिवादन किया। युवा मामलों के अध्यक्ष श्री योगेश मेहता ने बाली साहब से विधिवत सम्मेलन को प्रारंभ करने की इजाजत माँगी और सबसे पहले श्रीमती नीलमा दत्ता मेहता, सचिव महिला विंग जीएमएस ने प्रार्थना की। भिन्न–भिन्न सभाओं से आए हुए लगभग 60 युवओं ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। श्री योगेश मेहता ने श्री ऋत मोहन पी.आर.ओ. जीएमएस को बाली साहब का स्वागत बुके के द्वारा करने के लिए आमंत्रित किया, फिर श्री अश्वनी बक्शी, सचिव युवा मामलों ने भी बाली साहब का स्वाग किया।

जनरल मोहयाल सभा के सेक्रेटरी जनरल कर्नल एल.आर. वैद ने जीएमएस द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी तथा आशा जताई कि नई पीढ़ी इन स्कीम की जानकारी हर एक मोहयाल भाई बहन तक पहुँचाने में हमारी मदद करेंगे। बाली साहब ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि मेरा एक संकल्प है कि एक भी मोहयाल बच्चा बिना शिक्षा के न रहे, फण्ड की कमी नहीं आने दी जाएगी। मेरे बिरादरी के बच्चे इंजीनियरिंग, डॉक्टरी तथा हर प्रकार की उच्च शिक्षा को ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि आज जीएमएस के पास पैसों की कोई कमी नहीं है लेकिन मेरा यह मानना है कि युवा पीढ़ी जी.एम.एस. के साथ कंधे से कंधा मिला कर चले ताकि मेरी बिरादरी आने वाले समय में आसमान से ऊँचाइयों को छुए, क्योंकि हम योजनाएँ बना सकते हैं लेकिन उनको सही प्रकार से क्रियान्वित करने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उनका जोश और हमारा दिमाग मिलकर अपने समाज को समृद्ध बना सकते हैं। बाली साहब ने कहा कि पिछले 30–40 वर्षों में बहुत काम हुआ है लेकिन अभी बहुत कुछ होना बाकी है। उन्होंने कहा कि मोहयाल बिरादरी में दानवीरों की कमी नहीं है। लोग पैसा देना को हरदम तैयार हैं क्योंकि उन्हें यह विश्वास है कि जीएमएस इस पैसों का गलत इस्तेमाल नहीं करेगी। इस विश्वास को बनाने में बहुत समय लगा है। इसीलिए मेरा यह मानना है आने वाले समय में और भी अच्छे लोग जी.एम.एस. का नेतृत्व करें ताकि यह विश्वास बना रहे। उन्होंने युवाओं से अपील की, कि आप हमारी आखँ व कान बनें। बाली साहब ने आज के कार्यक्रम में युवाओं की इतनी बड़ी संख्या को देख कर प्रसन्नता जाहिर की।

श्री योगेश मेहता ने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि लोकल सभाओं को युवा पीढ़ी को अपने साथ लेकर चलना होगा और उन पर विश्वास रख कर उन को जिम्मेदारी देनी होगी ताकि उन्हें अपना हुनर दिखाने का मौका मिल सके। हो सकता है आरम्भ में वह गलतियाँ भी करें, ऐसे में उनका सही मार्गदर्शन भी करना होगा। युवाओं को सकारात्मक विचारों के माध्यम से सोशल मीडिया पर चल रहे कुप्रचार को भी मिटाना होगा। साथ ही इंटरनेट के द्वारा अपने इतिहास सम्बन्धी कुछ नई जानकारी मिले तो उसे लोकल सभा और जीएमएस के साथ साँझा करें। श्री अश्वनी बक्शी ने युवओं से कहा कि आज के कार्यक्रम में केवल दिए गए विषयों पर ही बोलें ताकि कोई निचोड़ निकल सके। आज के इस सम्मेलन में देश भर से आए 43 युवओं ने अपने–अपने विचार रखे। इसमें उल्लेखनीय बात यह रही कि सभी समाज व बिरादरी को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक सोच को ही प्रकट किया।

इस अवसर सर्वश्री निखिल मोहन यमुनानगर, सौरभ मोहन करनाल, अंकित वैद कुरूक्षेत्र, प्रदीप वैद करनाल, मनु मेहता अशोक विहार, हरी छिब्बर अशोक विहार दिल्ली, डॉ रितिका मोहन यमुनानगर, राजीव छिब्बर महरौली, मनीष मोहन वेस्ट दिल्ली, चन्दर शेखर वेस्ट जोन दिल्ली, दुर्गेश बाली अलवर, अंकित बाली जम्मू, प्रशांत बाली जयपुर, कुमारी आकांक्षा बाली अलवर, कुमारी मनीषा वैद द्वारका नई दिल्ली, नेहा दत्ता अलवर, गणेश दत्ता यमुनापार दिल्ली, संजीव बाली 'बंटी' यमुनापार दिल्ली, मुकेश मेहता यमुनापार, संजय मोहन गुरूग्राम, अभिषेक दत्ता गुरुग्राम, पवन बाली गुरुग्राम, संजय दत्ता गुड़गांव, नीलमा दत्ता मेहता वेस्ट ज़ोन नई दिल्ली, गौतम मोहन जालंधर, अशोक बक्शी महरौली नई दिल्ली, नरेश दत्ता महरौली, पंकज बाली अंबाला, नवदीप दत्ता अंबाला, दीपक मोहन रोहिणी, राजेश छिब्बर रोहिणी, पंकज वैद अमृतसर, राहुल वैद द्वारका, साजन दत्ता पश्चिम विहार, रजनीश दत्ता पश्चिम विहार, ध्रुव दत्ता फरीदाबाद, नितिन दत्ता फरीदाबाद, गगन बाली अमृतसर, दीपक बाली फरीदाबाद, राहुल छिब्बर करनाल, संजीव वैद करनाल व सुमिल छिब्बर पानीपत ने अपने विचार रखे।

इन विचारों में जो मुख्य बाते सामने आई वो थी कि युवाओं को लोकल सभाओं का अभिन्न अंग बनाया जाए। उन्हें मासिक मीटिंगों में लाने के लिए कल्चर गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। खेल कूद, क्रिकेट मैच, वाद–विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से उन्हें अपने साथ जोड़ा जाए। न केवल जोड़ा जाए, बल्कि उन्हें जिम्मेदारी भी सौंपी जाए, जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सके। इससे न केवल उनमें आत्म–विश्वास बढ़ेगा, बल्कि लीडरशिप भी आएगी। युवाओं का कहना था कि हमारे पूर्वजों और इतिहास के बारे में लोकल सभाओं में जानकारियाँ दी जाए, हमारे वीर बलिदानिओं के नाम पर भवनों के नामकरण हों। जनरल मोहयाल सभा कैंरियर गाइडेंस के मामले में तेज़ी से काम करे, क्योंकि हर युवा की पहली प्राथमिकता रोजगार



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

प्राप्त करना ही होता है इसके बाद वो अपने बिरादरी के साथ और भी अच्छे से जुड़ पाएँगें। हमारी प्यारी पत्रिका 'मोहयाल मित्र' में मोहयाल उद्योगपति अपनी–अपनी कंपनी में रोजगार सम्बन्धी सूचना दे सकते हैं। साथ ही जनरल मोहयाल सभा भी जॉब मेला आदि के माध्यम से बहुत बड़ा योगदान दे सकती है।

सबसे ज्यादा फोकस यह रहा कि सोशल मीडिया पर चल रहे कुप्रचार को सही व तथ्यों के माध्यम से निष्प्रभाव किया जाए और सोशल मीडिया को जनरल मोहयाल सभा की चल रही स्कीमों के बारे में हर मोहयाल तक पहुँचाने में प्रयोग किया जा सके, ताकि हर कोई अपनी ज़रूरत के हिसाब से इन का फायदा ले सके।

युवा शक्ति के विचारों को सुनकर श्री बी.डी. बाली जी बहुत खुश हुए और कहा कि मोहयालों का आने वाला समय और भी अच्छा है क्योंकि अगर पौस्टिव सोच के लोग आगे आते रहेंगे तो सब कुछ ठीक चलता रहेगा। आज का सम्मेलन आने वाले समय में पत्थर साबित होगा। श्री योगेश मेहता ने श्री बी.डी. बाली जी से निकट भविष्य में युवा शिविर की माँग रखी, जिससे की बाली साहब ने तुरंत मान लिया।

## युवा मोहयाल संवाद

आज 16 सितंबर दिन रविवार को मोहयाल युवा संवाद का कार्यक्रम दिल्ली जी.एम.एस. में रखा गया। जिसमें मुझे भी कुरूक्षेत्र सभा की तरफ से प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। जीएमएस पहुँच कर सबसे पहले मुझे सेक्रेटरी यूथ अश्वनी बक्शी जी ने बड़े जोश पूर्वक गले लगाकर मिले व मुझे चाय नाश्ता के लिए जीएमएस ऑफिस की तरफ भेज दिया। जहाँ मुझे नीलिमा दत्ता मेहता व चंद्र शेखर मिले बड़ा ही सौहार्द व भाईचारे का माहौल था। कुछ समय बाद ही मोहयाल रत्न रायज़ादा बी.डी. बाली जी का जी.एम.एस. में आगमन हुआ और सारा हॉल जय मोहयाल के नारों से गूँज उठा। बाली साहब युवा मोहयालों को देखकर बहुत ही प्रसन्न व उत्साहित थे के इतने कम समय व खराब मौसम के बावजूद पूरा हॉल खचाखच भरा हुआ था। सभी युवाओं में एक अलग ही जोश था। जज्बा था तो सिर्फ मोहयलियत का। मैं सबसे आगे की पंक्ति में बैठा था, मेरे साथ मेरे छोटे भाई समान निखिल मोहन व सौरभ मोहन और करनाल से आए मेरे बड़े भाई प्रदीप वैद भी थे। आज के दिन एक अलग ही जोश था मुझमें हॉल में बैठे लगभग हर साथी से मैं परिचित था जिन्हें आज मिलना भी हो गया।



आज मुझे 9 नवम्बर 2003 को वो दिन याद आ गया जब श्री अशोक लव जी युवा सेक्रेटरी थे और इस तरह की एक युवा गोष्ठी का उन्होंने आयोजन किया था। ऐसा प्रतीत हुआ मानो उस दिन अशोक लव जी ने उस पौधे का बीज बो दिया था जो आज फलफूल कर एक विशाल रूप ले रहा है। उस समय मैं लगभग 19 वर्ष का था, बिरादरी के लिए कोई खास दिलचस्पी नहीं थी। बस उस दिन अशोक लव जी का वो आयोजन मेरे लिए बिरादरी की सेवा की ललक जगा गया। तब से अबतक किसी न किसी रूप में अपनी बिरादरी की सेवा के लिए तत्पर रहता हूँ।

**आज के आयोजन के संदर्भ में**

सबसे पहले वक्ता हमारे मोहयाल रत्न श्री बी.डी. बाली जी ने बोलना शुरू किया तो हॉल में बैठे सभी युवा साथियों में एक अलग ही जोश बन रहा था और सभी युवाओं को देखते हुए बाली साहब की आँखों में एक चमक थी भरपूर जोश था मानो वह भी युवाओं के बीच अपने आप को युवा ही महसूस कर रहे हो। बाली साहब ने बताया कि जब मैंने भी जीएमएस का अध्यक्ष पद संभाला तो मैं भी एक युवा प्रधान बना था। और वो एक युवा जोश व हिम्मत ही थी कि आज बिरादरी को कहाँ से कहाँ तक पहुँचा दिया, कितने आश्रम, भवन व स्कूल बने। सिर्फ उस युवा अध्यक्ष की बागडोर संभालने के बाद। बाली जी का भाषण सभी युवाओं को एक दिशा देने का काम कर गया। बाली जी ने खुलकर मंच से कहा के आज का दिन आप युवाओं का है। आज आप वक्ता बनें, आप सुझाव दें। हम आपके सुझाव सुनेगें व उन सुझावों पर काम करेंगे। सभी जो भी युवा साथी आए हैं अपने अपने विचार रखें।

सभी साथियों का अपने विचार रखने का क्रम शुरू हो गया। अग्रिम पंक्ति में बैठा होने के कारण पहले दो वक्ताओं के बाद मेरी बारी आई। बातें बहुत सी थीं मन में पर मंच पर आते हुए एक बात याद आयी। मैंने मंच से आह्वान किया अपनी सीनियर बॉडी से के युवाओं को एक विश्वास का माहौल दिया जाए, उनमें एक विश्वास जगाया जाए कि हम आपके विचार व आप के साथ खड़े हैं। चाहे लोकल सभा हो या जीएमएस से कम पाँच सीट चालीस साल से कम के युवाओं के लिए आरक्षित की जाएँ। जब आपकी चालीस सदस्य कमेटी में पाँच सदस्य चालीस वर्ष से कम के युवा होंगे तो उसका एक अलग ही स्वरूप होगा, और युवाओं की तरफ से मैं आप को विश्वास दिलाता हूँ कि युवा कभी भी आप को निराश नहीं करेंगे। बिरादरी की दिशा और दशा बदलने का काम करेंगे।

अंत में मैं इस सफल आयोजन के लिए चेयरमैन यूथ योगेश मेहता व सेक्रेटरी यूथ अश्वनी बक्शी का धन्यवाद करता हूँ। ये बिरादरी को आगे ले जाने की अच्छी पहल है, एक अच्छा संदेश है युवा मोहयाल साथियों के लिए।

जय मोहयाल

आपका युवा साथी

***अंकित वैद,*** *कुरूक्षेत्र*

*8168426488*


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor